डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

# डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लि.

Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited

(भारत सरकार का उपक्रम)

(A Govt. of India Enterprises)

पांचवा तल, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन बिल्डिंग काम्पलेक्स, नई दिल्ली–110001.

5th Floor, Pragati Maidan Metro Station Building Complex, New Delhi -110001

2017/एचक्यू/एचआर/1/XII(आर बी)

दिनांक. 12.07.2017

## विज्ञापन सं.06/ 2017

**डेडीकेटेड फेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) भारत सरकार, रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत शिड्यूल ''ए'' का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।** यह अवसंरचना के क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वाकांक्षी एवं वृहद परियोजना है, जो कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और स्वर्णिम चतुर्भुज के साथ उच्च गति के रेल फ्रेट कोरीडोर के निर्माण के लिए स्थापित की गई है । प्रथम चरण में दो डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर्स मुबंई–दिल्ली (पश्चिमी कोरीडोर) और लुधियाना–कोलकाता (पूर्वी कोरीडोर ) का निर्माण शामिल है । वर्तमान में कंपनी का कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली में है और फील्ड यूनिटों में मुंबईपूर्व एवं मुबंई/पश्चिम, वडोदरा, अहमदाबाद, अजमेर, जयपुर, नोएडा, अंबाला, इलाहाबाद (पूर्व), इलाहाबाद (पश्चिम), मेरठ, मुगलसराय, टूंडला(आगरा) और कोलकाता हैं।

डीएफसीसीआईएल को गतिशील, अनुभवी एवं उन्मुख पेशेवरों के लिए **सलाहकार/राजभाषा** के पद अपने कॉर्पोरेट कार्यालय नई दिल्ली में, विज्ञापन की तिथि पर, निम्नलिखित विवरण के अनुसार आवेदनों को आमंत्रित करता है ।

| पद | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता | आयु सीमा | अनुभव |
|---|---|---|---|
| सलाहकार/राजभाषा 01 पद | 1. अभ्यर्थी सेवारत/सेवा निवृत सरकारी/प्राइवेट/अधिकारी अथवा कर्मचारी होना चाहिए।<br>2. स्नातक स्तर पर हिंदी तथा अंग्रेजी एक वैकल्पिक विषय के रूप में होना चाहिए।<br>3. हिंदी अथवा अंग्रेजी में स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) होना चाहिए।<br>4. अंग्रेजी से हिंदी एवं हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद एवं हिंदी टाइपिंग का ज्ञान एवं अनुभव होना चाहिए। | आयु 30 वर्ष से 63 वर्ष के बीच होनी चाहिए। | कम से कम 02 वर्ष राजभाषा विभाग में कार्य करने का अनुभव। |

नोटः शैक्षणिक और प्रशिक्षण/प्रशिक्षक अनुभव को अर्हता अनुभव के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

### 1. कार्य एवं जिम्मेदारियां:–

क. हिंदी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद एवं टाइपिंग करना।

ख. राजभाषा के प्रचार–प्रसार के लिए लागू योजनाओं का कार्यान्वयन।

ग. गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित मदों का लक्ष्यानुसार कार्यान्वयन में सहयोग।

घ. हिंदी पखवाड़ा/हिंदी सप्ताह, हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन में राजभाषा विभाग की सहायता करना।

ड़. उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गए राजभाषा संबंधी कार्य।

**2. संविदा अवधिः–**

चयनित अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया जाएगा जिसे कंपनी द्वारा अपने विवेक एवं आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। एक महीने नोटिस देकर संविदा को अवधि पूर्व समाप्त किया जा सकता है।

**3. मानदेयः–**

कुल परिलब्धियां रू.30,000/–(रू.तीस हजार केवल) सभी भत्तों सहित दी जाएगी। यदि ड्यूटी पर भेजा जाता है तो कंपनी के सहायक प्रबंधक स्तर के अधिकारियों को देय टीए/डीए/लोजिंग प्रभार का भुगतान किया जाएगा।

**4. छुट्टीः–**

छः माह की अवधि में 15 दिन की छुटटी दी जाएगी जो कि एक समय में 05 पांच दिन से अधिक उपयोग नहीं की जा सकेगी।

5. **चयन प्रकियाः–**

संविदा पर उपरोक्त पद के लिए साक्षात्कार दिनांकः 03.08.2017 को 11.00 बजे (पूर्वान्ह) आयोजित किया जाएगा। योग्यता के मानदंड पूरा करने वाले अभ्यर्थीगण महाप्रबंधक/मानव संसाधन, डीएफसीसीआईएल, कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में रिपोर्ट करें। अभ्यर्थियों के आवेदनों की डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी वह अभ्यर्थीगण जो विज्ञापन के अनुसार मानदंडो को पूरा करेंगे और मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वंय द्वारा प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियां प्रस्तुत करेंगे उनका साक्षात्कार लिया जाएगा।

**6. नियोजनपूर्व चिकित्सा परीक्षणः–**

अन्य मानदंडो के साथ–साथ आपको मेडीकल परीक्षण करवाना होगा यदि आप मेडीकल परीक्षण में फिट पाए जाते हैं तो आपकी नियुक्ति पर विचार किया जाएगा।

**7. आवेदन कैसे करेंः–**

**क.** उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थीगण अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित दस्तावेजों के साथ स्वंय की साक्ष्यांकित प्रतियों को संलग्न करें। साक्षात्कार के दौरान उक्त सौंपें गए कार्यों के लिए वह सबसे उपयुक्त अभ्यर्थी हैं, के लिए एक सक्षिप्त आलेख (500 शब्द) का भी संलग्न करें, इसके न होने पर उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

**ख.** अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय अपनी शैक्षणिक योग्यता के मूल दस्तावेज, अनुभव प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार की तिथि को जो अभ्यथी अपने मूल दस्तावेज/आदि नहीं लाएंगे उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।सत्यापन के समय आवेदन को अधूरा या असत्य पाया जाता है कि बिना किसी भेदभाव के उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

ग. इसके अतिरिक्त, पहचान और निवास का प्रमाण, नियोक्ता से अंतिम वेतन प्रमाणपत्र और दो हाल ही के पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ भी आवश्यक होंगे।

घ. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निकाय आदि में कार्यरत अभ्यर्थीगण उचित माध्यम से आवेदन करें।

**8. सामान्यः—**

क. साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को टीए/डीए/यात्रा खर्च का भुगतान नहीं किया जागए। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह अपनी यात्रा, ठहरने की व्यवस्था अग्रिम रूप से करें ताकि साक्षात्कार के समय वह समय से उपस्थित हों सके।

ख. नियुक्ति को डीएफसीसीआईएल में नियमितिकरण का कोई अधिकार नहीं होगा।

ग. इस विज्ञापन के विरूद्ध नियुक्ति संबंधी सभी विवादों का निपटारा दिल्ली अधिकार क्षेत्र के न्यायालयों के अंतर्गत किया जाएगा।

# डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
## (भारत सरकार का उपक्रम)
### आवेदन प्रारूप

हाल का पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ

1. विज्ञापन सं. ..........................................................................
2. आवेदित पद ..........................................................................
3. पूरा नाम. ..........................................................................
4. पिता का नाम ..........................................................................
5. जन्म तिथि ..........................................................................
(जन्म तिथि का प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. स्थायी पता ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................
7. पत्राचार का पता ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................
8. राष्ट्रीयता ..........................................................................
9. संपर्क फोन नं. एवं ईमेल ..........................................................................

10. अधिकारी द्वारा धारित शैक्षणिक योग्यता(एकेडमिक एवं व्यावसायिक):

| उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | संस्थान / विश्वविद्यालय का नाम | कुल प्राप्त अंक | कुल प्रतिशत | मुख्य विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. हिंदी / अंग्रेजी टाइपिंग में गतिः हिंदी.............श.प्र.मि. अंग्रेजीः श.प्र.मि.............................
12. शैक्षणित योग्यता एवं अनुभव का विवरणः

| धारित पद वेतनमान / कुल वेतन प्रतिमाह के साथ | नियोक्ता का नाम व पता | अवधि | | कृपया फील्ड अनुभव के साथ परियोजना विवरण दें (अलग से शीट संलग्न करें यदि आवश्यक हो) |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13. अभ्यर्थी इस पद के लिए क्यों उपयुक्त हैं, के लिए 500 शब्दों तक एक सक्षिप्त लेख संलग्न करें।यदि अभ्यर्थी द्वारा इस तरह का लेख संलग्न नही किया जाएगा तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।
14. शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाणों के दस्तावेज से संबंधित मूल दस्तावेज की स्वंय प्रमाणित दस्तावेज अपेक्षित हैं। यदि अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र नहीं लाएगें तो साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

मैं घोषणा करता हूं कि मेरे ज्ञान और विश्वास में आवेदन में दिए गए विवरण सत्य, और पूर्ण हैं। मै समझता हूं कि आवेदन में दी गई कोई सूचना गलत, झूठी और छिपाए जाने पर संविदा को निरस्त कर दिया जाएगा और मेरे विरूद्ध सिविल/आपराधिक कानूनी की जा सकती है। मै समझता हूं कि मैं साक्षात्कार के लिए किसी भी तरह के टीए/डीए के योग्य नही हूं।

स्थानः
दिनांकः

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर